तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 आवाज उठाने वालों पर लाठी और हिरासत लोकतंत्र ...



14 दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण ...



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से हमला

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 23 जुलाई को पुराने रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान श्रीराम पारधी के सीने और जांघ में ग्राम बेलसोंडा निवासी चिराग चंद्राकर ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 15 दिन बाद आज घर लौटेंगे प्रभु जगन्नाथ, निकलेगी भव्य बाहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की 15 दिवसीय प्रवास लीला के समापन पर आज शनिवार को शहर में भव्य बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी छग करण महांती समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस धार्मिक यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज के अध्यक्ष संजय महांती, आशीष महंती एवं राजेश आदि ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की बाहुड़ा यात्रा शनिवार शाम 5 बजे सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से प्रारंभ होगी। यात्रा मेघ बसंत कॉलोनी, स्टेशन रोड, पुराना गंज पारा, मुख्य मार्ग, नेहरू चौक एवं गांधी चौक से होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी, जहां धार्मिक अनुष्ठानों एवं आरती के साथ यात्रा का समापन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाहुड़ा यात्रा भगवान जगन्नाथ की मौसीबाड़ी (जगन्नाथ भवन) से अपने गांधी चौक स्थित राम मंदिर लौटने की यात्रा होती है। रथ यात्रा के 15 दिन बाद आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन का विशेष महत्व है। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की आरती, पुष्पवर्षा एवं स्वागत की भी तैयारियां की गई हैं। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए समाज के सदस्य कई दिनों से तैयारियों में जुटे हुए हैं। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयघोष और धार्मिक वातावरण से पूरा शहर भक्तिमय हो जाएगा। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए भी आवश्यक समन्वय किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छग करण महांती समाज ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित बाहुड़ा यात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा इस धार्मिक उत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

## यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भगवान की आरती, पुष्पवर्षा एवं स्वागत की भी तैयारी

- महांती समाज ने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से बाहुड़ा यात्रा में शामिल होने की अपील की है



### आज यह होगी बाहुड़ा यात्रा की रुपरेखा

बाहुड़ा यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत 24 जुलाई शुक्रवार से ही हो गई हैं। उत्सव के दूसरे दिन यानी आज शनिवार को कई मुख्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे प्रभु की आरती और दर्शन के साथ होगी। इसके बाद भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 3 बजे जगन्नाथ भवन में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात रूपादान अनुष्ठान के साथ जगन्नाथ जी का रथ, जगन्नाथ भवन से श्रीराम मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। संध्या 4 बजे जगन्नाथ भवन में विशेष महाआरती का आयोजन होगा।

## कार्रवाई : गिरफ्तार किए गए गांजा तस्करों में एक महिला भी शामिल

# सिंघोड़ा-कोमाखान में पकड़े तीन तस्कर 25 लाख से ज्यादा का गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की सिंघोड़ा और कोमाखान थाना क्षेत्र में गांजा की तस्करी रहे एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों मामलों में आरोपियों के कब्जे से 25,34,500 रुपए का करीब 50 किलो गांजा जब्त किया गया है।

- गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी जब्त

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 27 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिला कि सिल्वर कलर के जेटा कार क्रमांक एमएच 02 सीडी 3140 में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर लाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने रेहटीखोल पहुंचकर उक्त वाहन को रोका। वाहन में एक व्यक्ति बैठा था जिसने अपना नाम श्रवण कुमार यादव पिता रामपति यादव (39 साल) अमाव थाना चैनपुर जिला कैमुर बिहार होना बताया। पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगा। कडाई से पूछताछ करने पर कार की डिक्की में बने चैंबर के अंदर 18 पैकेट गांजा होना बताया, जिसे मदनपुर रामपुर ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। इसके बाद पुलिस ने तलाशी लेकर कार से 02 प्लास्टिक बोरियों से 18 पैकेट गांजा (37.940 किलोग्राम) कुल कीमत 18,97,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी)(ii)(ग), नारकोटिक एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

सिंघोड़ा




कोमाखान



### गांजा तस्करी करते महिला-पुरुष गिरफ्तार

वहीं गांजा तस्करी के दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया। मामले में आरोपियों के कब्जे से 12 किलो से ज्यादा गांजा कीमत 6,37,500 रुपए को बरामद किया। पुलिस ने बताया कि टेमरी नाका में वाहनों की जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की हीरो होंडा कंपनी की स्प्लेंडर प्लस वाहन क्र. सीजी 04 सीएच 6549 में एक पुरूष एवं एक महिला सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। कुछ देर बाद मुखबिर के बताये अनुसार उक्त बाइक वहां पहुंची, जिसमें एक पुरुष व महिला सवार थे। जिन्हें रोककर उनसे पूछताछ की गई। बाइक चालक ने अपना नाम मदन तांडी पिता डमरूधर तांडी (45 साल) महालिंग थाना केगांव जिला कालाहांडी ओडिशासा एवं पीछे बैठी महिला ने अपना नाम शांति तांडी पति स्व फग्गु प्रसाद तांडी (45 साल) लियाड थाना सिनापाली जिला नुआपाडा ओडिशा होना बताया। पूछताछ में उन्होंने गांजा को कालाहांडी ओडिशा से बागबाहरा छत्तीसगढ़ में किसी व्यक्ति देने के लिए लेकर आना बताया। आरोपियों के कब्जे से 12 पैकेटों में कुल 12.750 किलोग्राम कीमत 6,37,500 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## गांजा जब्ती मामले का फरार आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार



**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने 274 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के अंतरराज्यीय सिंडिकेट के एक और फरार आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस आरोपी की मूवर्स एंड पैकर्स की आड़ में गांजे की खेप लोड करवाने और सौदेबाजी में मुख्य भूमिका रही है। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के एक बड़े नेटवर्क पर लगातार प्रहार करते हुए थाना बसना के 274 किलोग्राम गांजा तस्करी से संबंधित अपराध के फरार आरोपी राकेश गड़सा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि 28.02.2026 को थाना बसना क्षेत्र के पलसापाली बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक अशोक लीलैंड वाहन क्रमांक एमपी 15 जेडएल 4455 से 'विश्वास मूवर्स एंड पैकर्स' के पुराने घरेलू सामान के नीचे छिपाकर रखे गए 274 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था और मौके से आरोपी चालक रोशन यादव को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण की इंड-टू-इंड विवेचना करते हुए पूर्व में ओडिशा के गांजा सप्लायर राजू महानंद और इस हाईटेक गांजा तस्करी सिंडिकेट के मुख्य मास्टरमाइंड तथा विश्वास मूवर्स एंड पैकर्स के संचालक अजीत शर्मा उर्फ दीवाना सेठ को को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं इस पूरे तस्करी नेटवर्क में राजस्थान निवासी राकेश गड़सा भी मुख्य सरगना अजीत शर्मा का प्रमुख सहयोगी था। घटना के समय राकेश गड़सा ओडिशा के भवानीपटना स्थित राजू महानंद के ढाबे पर मौजूद था। उसी ने सप्लायर से सौदेबाजी करने, 274 किलोग्राम गांजे को 9 बोरियों में पैक करवाने और वाहन में ग्राहकों के घरेलू सामान के साथ ठीक नीचे लोड करवाने की पूरी साजिश रची थी। पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही यह शातिर आरोपी अपना पुराना मोबाइल बदलकर पिछले कई महीनों से अपनी पहचान और ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था। आरोपी की महासमुंद पुलिस थाना बसना और साइबर सेल की टीम लगातार तकनीकी रूप से पतासाजी कर रही थी। इसी बीच दिनांक 24 जुलाई को मुखबिर से मिली सटीक सूचना और साइबर सेल के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राकेश गड़सा को हरियाणा में घेराबंदी कर धर दबोचा। इसके बाद आरोपी को धारा 20(बी)ii(सी) और 29(1) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# खुले में घूम रहे दर्जनों मवेशी, धान फसल को पहुंचा रहे नुकसान



### मवेशी पाल तो रहे हैं लेकिन जिम्मेदारी भूल गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में खरीफ फसल की बुआई इन दिनों अंतिम चरण में है। बुआई किए गए फसल बियासी करने लायक हो गई है। दर्जनों मवेशी दिनभर खार में बिना किसी देखरेख के चरते रहते हैं। बियासी के लिए तैयार हो चुकी धान की फसलों को ये मवेशी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शाम ढलते ही यह मवेशी मुख्य मार्ग कोमाखान-खट्टी सड़क के किनारे व बीचोबीच आकर बैठ जाते हैं। इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है।

बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत नर्रा में धान बुआई होने के बाद यदुवंशी बरदिहा द्वारा मवेशियों का रोका छेका कर लिया गया है। परंतु, नर्रा में रोका छेका के बाद भी मवेशी खेत-खलिहान में घूम रहे है। हरे भरे धान फसल पौधे को चटकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही कुछ पशुपालक दूध निकालने के बाद अपने पशुओं को खुला छोड़ देते हैं। न तो उन्हें बांधकर रखा जाता है और न ही चरवाहे की व्यवस्था की जाती है। पशुपालकों की इसी अनदेखी का खामियाजा गांव और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### प्रशासन और पंचायत से सख्त कदम उठाने की मांग

अपने मवेशियों को खुला छोड़ने वाले लापरवाह पशुपालकों को चिह्नित कर दंडात्मक कार्रवाई और जुर्माना लगाए जाने की मांग की है। पशुपालकों की घोर लापरवाही और प्रशासन व पंचायत की उदासीनता के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। गांव में रोका-छेका के बाद भी खुले में मवेशी घूम रहे हैं। पशुपालक अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। मवेशियों का झुंड दिनभर खेतों (खार) में विचरण कर फसल को रौंद कर बर्बाद कर रहा है। वहीं दिनभर खेतों में नुकसान पहुंचाने के बाद ये मवेशी शाम होते ही मुख्य मार्गों व सड़कों के किनारे डेरा जमा लेते हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। पीड़ित किसानों एवं ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि खेतों और सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को तत्काल कांजी हाउस में भेजा जाए।

## ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ नहीं हो रही नियमित जांच कार्रवाई

# सड़कों पर बेधड़क दौड़ रहे कैजव्हील लगे ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसूनी बारिश के बाद खेती किसानी में लोग सक्रिय हो गए हैं। वहीं किसानी कार्य में मशीनों के युग और उनके भरपूर उपयोग के चलते शासन-प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद कैजव्हील वाले वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इससे ग्रामीण सड़कों का नुकसान हो रहा है वहीं इन खराब सड़कों से दो पहियावाहन चालक प्रभावित हो रहे हैं और गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। वाहन चालकों की माने तो ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमित जांच और सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।



जानकारी के अनुसार, कैजव्हील लगे लोहे के पहिए सामान्यतः केवल कृषि कार्यों और खेतों में जुताई के उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन वाहनों को सार्वजनिक डामर और सीमेंट की सड़कों पर चलाना पूरी तरह नियमों के विपरीत है। यह लापरवाही न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि अन्य वाहन चालकों और पैदल चलने वाले राहगीरों के लिए भी बड़ा जोखिम पैदा कर रही है। राहगीरों और स्थानीय लोगों का मानना है कि लोहे के इन भारी पहियों से डामर और सीमेंट की सड़कें तेजी से उखड़ रही हैं और क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। शहर के नागरिकों का यह भी आरोप है कि कई ट्रैक्टर चालक निर्माण सामग्री, ईंट और अन्य भारी सामान ढोने के लिए लगातार शहर की मुख्य सड़कों पर ट्रैक्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सड़कें तो खराब हो ही रही हैं, साथ ही व्यस्त मार्गों पर यातायात भी बुरी तरह बाधित होता है।

### राहगीरों की जुबानी, सुरक्षा पर मंडराता खतरा

सड़क से रोजाना आने-जाने वाले स्थानीय राहगीरों ने इस गंभीर स्थिति को लेकर अपनी चिंता खुलकर साझा की है। रमेश कुमार ने बताया है कि जब मैं रोज सुबह गांव से ऑफिस जाता हूं, तो देखता हूं कि लोहे के पहियों वाले ट्रैक्टर धड़ल्ले से गांव के मुख्य रास्तों से गुजरते हैं। इनके नुकीले पहियों से आवाज भी तेज आती है और डर लगा रहता है कि कहीं गाड़ी फिसल न जाए। संजय साहू ने कहां है कि इन कैजव्हील ट्रैक्टरों ने डामर को जगह-जगह से उखाड़ दिया है। प्रशासन को ऐसे चालकों पर बिना किसी ढिलाई के तुरंत जुर्माना लगाना चाहिए।

### प्रशासनिक नियमों का खुला उल्लंघन

परिवहन नियमों के स्पष्ट निर्देश हैं कि खेतों में उपयोग होने वाले लोहे के पहियों वाले ट्रैक्टरों को किसी भी स्थिति में सार्वजनिक सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद यदि ऐसे वाहन सड़कों पर पाए जाते हैं, तो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई और जब्ती जैसे कानूनी कदम उठाए जाने का प्रावधान है।

# बेमौसम बारिश से धान के डूबे बीज, दोहरी मार झेलने को मजबूर जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने किसानों की मुश्किलें बहुत अधिक बढ़ा दी हैं। खेतों में पानी भर जाने के कारण पहले से बोवाई किए गए धान के बीज और अंकुरित फसल सड़ चुकी है। इस प्राकृतिक मार के कारण किसानों को अब अपने खेतों में दोबारा बोवाई करनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत दोगुनी हो गई है और अन्नदाता गहरी आर्थिक परेशानी में फंस गए हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धान की खेती मुख्य रूप से की जाती है। इस सीजन की शुरुआत में हुई बारिश को देखकर किसानों ने समय पर अपने खेतों में धान की बोवाई का कार्य पूरा कर लिया था। किसानों को अच्छी फसल की पूरी उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुई लगातार मूसलाधार बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों से पानी के निकलने के कारण बारिश का पानी कई दिनों तक खेतों में जमा रहा। लंबे समय तक जलभराव रहने और धूप न निकलने की वजह से मिट्टी के भीतर ही धान के बीज सड़ गए।



जो पौधे अंकुरित होकर बाहर आए थे, वे भी अधिक पानी में डूबकर नष्ट हो गए।

### दोहरी मार से बढ़ा आर्थिक बोझ

किसानों का कहना है कि एक बार खेतों की जुताई करवाने, तैयारी करने और महंगे दाम पर धान के बीज खरीदने में उनकी पूरी पूंजी खर्च हो चुकी है। अब फसल के पूरी तरह बर्बाद हो जाने के कारण उन्हें एक बार फिर से बाजार से नए बीज खरीदने पड़ रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगें क्षेत्र के किसान रामसिंह साहू ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर अपने खेतों में धान की बोवाई की थी। लगातार हुई बारिश से पूरा खेत जलमग्न हो गया और सारा बीज सड़ गया। अब उनके पास फसल बचाने के लिए दोबारा बोवाई करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। इसी प्रकार ग्राम पटेवा के किसान छेदीलाल साहू और पिथौरा के किसान महेश पटेल का कहना है कि इस समय बीज, खाद और कृषि यंत्रों की कीमतें पहले से ही बहुत अधिक हैं। ऐसे में फसल खराब होने के बाद दोबारा लागत लगाना उनके लिए बेहद कठिन साबित हो रहा है।

### दोबारा बोवाई में देरी की चिंता

आर्थिक नुकसान के साथ-साथ किसानों को फसल की लेटलतीफी की भी बड़ी चिंता सता रही है। दोबारा बोवाई करने के कारण धान की फसल की उम्र पिछड़ जाएगी, जिससे आगे चलकर पैदावार पर भी बुरा असर पड़ सकता है। समय पर फसल न कटने से अगली रबी फसल की तैयारी पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### बसना में होगा शहीद स्मारक का शुभारंभ

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि बसना में विजय कारगिल दिवस पर 26 जुलाई के मौके पर शहीद स्मारक का नवनिर्मित और भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन के तहत स्मारक परिसर में भारतीय सशस्त्र बल की वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक के रूप में इस साल 26 जुलाई को विजय कारगिल दिवस पर शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक का छठवां स्थापना दिवस 26 जुलाई को शाम 6 बजे मनाया जाएगा।

### राइस मिल में लगे सोलर पैनल से केबल चोरी

**महासमुंद।** सुनसुनिया स्थित राइस मिल परिसर में लगे सोलर पैनल के वायर व अन्य सामान चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अंकुश अग्रवाल पिता कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि वह ग्राम सुनसुनिया में स्थित श्रीश्यामजी एग्रोटेक (राइस मिल) में पार्टनर है और उसका संचालन करता है। राइस मिल परिसर में 260 किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टाल कराया था, जब उसने 8 जुलाई को जब ऑनलाइन एप में देखा तो राइस मिल परिसर मे लगे सोलर प्लांट बंद था। प्लांट मे जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा 07-8 जुलाई की मध्य रात्रि को सोलर पैनल से इनवर्टर के बीच मे लगे केबल एवं कनेक्टिंग पिन को काटकर चोरी कर ली गई। वहीं अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी के दौरान लगभग 05-06 सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(1), 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### लोकमान्य तिलक और आजाद की मनाई जयंती

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में गुरुवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के स्वराज्य आंदोलन में योगदान तथा अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों का जीवन आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में संजय अवस्थी, राजकुमार दीक्षित, सुरेश मिश्रा, राजकुमार दीक्षित, संजय अवस्थी, गौरव शुक्ला, विकास तिवारी, आशीष बाजपेयी, राघवेन्द्र पाठक, राजकुमार अवस्थी, प्रकाश अवस्थी, रमेश तिवारी, आरके दीक्षित, जेपी मिश्रा, एसएस त्रिवेदी, सत्यदेव तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### अंजिनेश बने बालोद जिला प्रभारी

**रायपुर।** भाजयुमो प्रदेश सह-प्रमुख विधि एवं तकनीक, उच्च न्यायलय अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला को जिला बालोद प्रभारी का दायित्व दिया गया। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के आदेश पर किया गया। यह दायित्व संगठनात्मक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद निवासरत युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### छोटूभाई कोठारी का निधन

**महासमुंद।** स्थानीय जैनश्री संघ के



वरिष्ठ सदस्य छोटूभाई कोठारी (92) का अस्वस्थता के चलते शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया। वे मुकेश कोठारी के पिता एवं अनिल सेठ के ससुर थे।

# विधायक बोले: शिक्षा ही समाज की वास्तविक नींव, बेटियों की राह होगी आसान

## शासकीय हाई स्कूल कुड़ेकेल में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने बांटी साइकिलें, छात्राओं के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुड़ेकेल स्थित शासकीय हाईस्कूल में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक डॉ अग्रवाल द्वारा 36 साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज और देश की प्रगति की वास्तविक नींव है। हमारी सरकार की मंशा है कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाली हमारी बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दूरी या बाधा का सामना न करना पड़े। यह सरस्वती साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि हमारी बेटियों के सपनों को पंख देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।



कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश अग्रवाल, सभापति जनपद पंचायत बसना राजेश गड़तिया, विधायक प्रतिनिधि खेमराज अग्रवाल, सरपंच भरत लाल डड़सेना, मीडिया प्रभारी आर्थिक प्रकोष्ठ विजय पटेल, ग्राम पटेलीन बसंता सिदार, गौटिया जमड़ी तेजसिंह पटेल, उपसरपंच विषया साव, प्राचार्य खिरोद मलिक, संकुल समन्वयक गोवर्धन डड़सेना, बलदेव मिश्रा, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल चंद्रपाल पटेल, प्रधान पाठिका प्राथमिक स्कूल संतोषी साहू, बलिराम यादव, भगतराम पटेल, नरसिंह सिदार, श्यामल रात्रे, शंकर लाल पटेल, बिहारीलाल साव, कुलेश्वर सिंह श्याम, अशोक साव, कृष्णचंद्र साव, जितेंद्र सिदार, उपेंद्र साव, सेतकुमार सागर, छात्रा प्रतिनिधि हिमाद्री पटेल, छात्र प्रतिनिधि मुकेश साव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी बाई साव, धनमोती विश्वकर्मा, पुष्पा साव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति के सदस्य, विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# इन स्कूलों में वर्षों से मनाया जा रहा वृक्षों का जन्मदिन, जारी है यह अनोखी परंपरा

## ग्रीन केयर सोसायटी द्वारा 2010 में रोपित पौधों का 16वां जन्म दिन उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का एक शानदार संदेश शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा वृक्षों का जन्म दिन मनाकर दिया गया। सर्वप्रथम सेवानिवृत प्रधान पाठक एवं ख्यातिप्राप्त छत्तीसगढ़ी कवि रूपेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं शास्त्रोक्त मंगल श्लोक वाचन के साथ माता सरस्वती एवं वृक्ष देवता की पूजा एवं आरती की गई। पश्चात कार्यक्रम का चिर परिचित शैली में संचालन करते हुए रूपेश तिवारी ने कहा कि आज ही के दिन 23 जुलाई 2010 को डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के विशेष आग्रह एवं ग्रीन केयर सोसायटी के आयोजन में तत्कालीन कलेक्टर निहारिका बारीक सिंह के कर कमलों से रोपित किया गया था। वर्ष 23 जुलाई 2011 को पौधे का प्रथम जन्म दिन मनाया गया, जो एक परंपरा बन गई है। दोनों शाला परिवार द्वारा उत्साह के साथ हर वर्ष 23 जुलाई को वृक्षों का जन्मदिन मनाया जाता है।

तिवारी ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण



संरक्षण एवं देशभक्त नागरिक बनने के लिए ज्ञानवर्धक बातें बताई। पर्यावरण प्रेमी एवं ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि शाला परिवार ने वृक्षों का जन्म दिन मनाकर देश दुनिया को यह संदेश दिया है कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं उसे सेवा जतन सुरक्षा प्रदान कर परिपक्व क्ष बनते तक हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही अपना जन्म दिन तो सभी लोग मनाते हैं, लेकिन वृक्षों का जन्म दिन प्राथमिक ,माध्यमिक शाला परिवार ही मनाता है यह भी एक बड़ा संदेश है। छात्र-छात्राएं, शाला परिवार साधुवाद के पात्र हैं। 23 जुलाई 2010 को ही माध्यमिक शाला परिसर में विकासखंड स्काउट एंड गाइड के आयोजन पर तत्कालीन अध्यक्ष रूपेश गोयल द्वारा अपने पिता स्व.विद्यासागर अग्रवाल की स्मृति में पौधरोपण किया गया था।

इस दौरान वीणा साहू प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक, संतोषी साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला, शिक्षक-शिक्षिकाएं अनिल कुमार पटेल, शशिकला गुप्ता, दुर्गा यादव, सरोज तांडे, रश्मि शर्मा, राधेश्याम साहू, प्रेमलता पटेल मार्गदर्शन में उत्साहजनक सहभागिता के साथ छात्र छात्राओं ने वृक्ष को सुसज्जित कर हैप्पी बर्थडे तोरण पताका पुष्प एवं रंगोली से सुसज्जित किया गया था। वृक्षों के जन्मोत्सव के आखिरी चरण में पौधरोपण किया गया तथा 6वीं की छात्रा किरण सफा को जन्मदिन पर रोपित करने पौधा भेंट किया गया। रुपेश तिवारी के सौजन्य से चॉकलेट एवं डॉ पाणिग्राही के सौजन्य से पेन वितरण किया गया। पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की जय के गगनभेदी नारों से शाला प्रांगण गूंज उठा।

# लाफिनखुर्द हाईस्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शैक्षणिक सत्र 2026—27 के सफल संचालन, विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास तथा विद्यालयीन गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। उच्च शैक्षणिक उपलब्धि के आधार पर प्रीति साहू (कक्षा 10वीं) को छात्र संघ का अध्यक्ष, नम्रता 9वीं को उपाध्यक्ष, पायल साहू 10वीं को सचिव, सावित्री 9वीं को सहसचिव, दीक्षा साहू को छात्रा प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए कक्षा नायक, उपकक्षा नायक तथा विभिन्न प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों सहित अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिसमें भावेश ध्रुव, दिव्या, कुसुम, तृप्ति, सोनिया, रेणुका, थनेश कुमार साहू, साक्षी, लिसा साहू, गोपिका साहू, मेरा यादव, खिलेंद्र, तारिणी, चित्रलेखा, कुसुमलता साहू, जागृति, गीतांजलि साहू, प्रियंका, इशा, सागर कनौजे, दिव्या, दुर्गा, लक्ष्मी साहू, डागेश्वरी, माधव निषाद, डिगेश्वरी पटेल, साक्षी तरुण निषाद, पंकज बंजारे एवं कुणाल यादव शामिल हैं। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य भारत सिंह साहू ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छात्र संघ विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना एवं टीमवर्क के साथ कार्य करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास तथा इस वर्ष के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संस्था की व्याख्याता अंजलि दीवान ने विद्यार्थियों को विद्यालय के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र संघ पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई तथा सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर संस्था की व्याख्याता प्रीति चंद्राकर, भुनेश्वरी जागड़े, ममता ठाकुर, अंजलि दीवान, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, काजल, नवीन सहित विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने सभी छात्र संघ पदाधिकारियों के मनोनयन पर हर्ष जताया है।

# नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में फूटा युवाओं का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के समर्थन और केंद्र सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को महासमुंद के युवाओं और छात्र-छात्राओं का जबरदस्त विरोध देखने को मिला। युवाओं पर हो रहे अत्याचार, नीट पेपर लीक घोटाले और हक की आवाज उठाने वाले विद्यार्थियों पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में शहर में एक विशाल 'युवा आक्रोश मशाल रैली' निकाली गई। रैली स्थानीय लोहिया चौक से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक पहुंची, जिसमें युवाओं, छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके पालकों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर अपनी एकजुटता दिखाई।

युवाओं और छात्रों के इस न्यायपूर्ण आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद ने अपना पूरा समर्थन दिया है। आंदोलन को बल देने के लिए खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, अमन चंद्राकर, निर्मल जैन, अक्षय साकरकर, पार्षद मुस्ताक खान विक्की सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने लोहिया चौक पहुंचकर युवाओं के की मांगों को जायज ठहराया।

**तानाशाही रवैया छोड़ शिक्षा व्यवस्था में सुधार करे सरकारः द्वारिकाधीश**

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली में अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर सरकार द्वारा लाठीचार्ज करवाना और उन्हें खदेड़ना बेहद निंदनीय है। सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए देश के भविष्य (छात्रों) पर हिंसक होने का झूठा लांछन लगा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को अपना अहंकार त्याग कर देश की चरमरा चुकी शिक्षा व्यवस्था में तुरंत व्यापक सुधार करना होगा।

**सिस्टम की बलि नहीं चढ़ने देंगे छात्रों का भविष्य**

मशाल रैली में शामिल आक्रोशित युवाओं और छात्र-छात्राओं ने साफ शब्दों में कहा, ₹देश का युवा अब एक बेहतर, पारदर्शी और सुरक्षित शिक्षा व्यवस्था चाहता है। हम अब और शांत बैठने वाले नहीं हैं। हम नहीं चाहते कि भविष्य में इस भ्रष्ट सिस्टम की वजह से देश का कोई और छात्र आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो या किसी के भविष्य की बलि चढ़े।₹ युवाओं ने संकल्प लिया कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। रैली के दौरान युवाओं ने हाथों में जलती हुई मशालें और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन ने साफ कर दिया है कि बेहतर भविष्य और न्याय के लिए महासमुंद के युवाओं ने अब आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है।

### जागृति बहू मंडल ने स्कूली बच्चों को बांटी कॉपी

**रायपुर।** मिशन उत्कर्ष योजना के अंतर्गत जागृति बहू मंडल द्वारा शासकीय मीडिल प्राइमरी स्कूल विवेकानंद नगर में विद्यार्थियों के बीच नोटबुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल की सदस्यों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शहर के 30 वार्डों में आवासहीन परिवारों का पट्टा सर्वे शुरू

## नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व पार्षदों ने तहसीलदार से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण भाऊराम साहू, माखन पटेल, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार एवं एल्डरमैन लाल विजय सिंहदेव ने शहर के 30 वार्डों में आवासहीन परिवारों को पट्टा अधिकार अधिनियम के तहत चल रहे सर्वे कार्य के संबंध में पर्यवेक्षक व तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल से मुलाकात कर जानकारी ली।

राठी ने पटेल से कहा कि छग शासन के राजस्व मंत्रालय द्वारा नगरीय क्षेत्र में गरीब परिवारों को आवास का पट्टा जारी करने का निर्देश दिया गया था तथा 15 अगस्त



तक शासन ने जानकारी मांगी है। वर्तमान में सर्वे की क्या स्थिति है। पर्यवेक्षक पटेल ने बताया कि महासमुंद शहर के 30 वार्डों को तीन जोन में बांटकर तीन टीमें बनाई गई हैं। जिसमें राजस्व आरआई, पटवारी, नगर पालिका के मुहर्रिर, कर्मचारी व कोटवारों को शामिल किया गया है। ये टीमें 15 अगस्त तक वार्डों में सर्वे का कार्य करेंगी। सर्वे में सरकारी, घास जमीन, आबादी व टाऊन कंट्री प्लान के तहत आवासीय व मिश्रित जमीन को आधार लेकर सर्वे किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई उपरांत मालिकाना हक का पट्टा दिया जाएगा।

**गरीब परिवारों से अपील**

देवीचंद ने शहर में निवासरत गरीब परिवार जो सरकारी जमीन में काबिज हैं उनसे अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मालिकाना हक दिया जा रहा है। सर्वे कार्य जारी है। आप सभी सक्रिय होकर सर्वे टीम को मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे पट्टा जारी करने में आसानी होगी। सरकार की मंशा है कि हर गरीब परिवार को मालिकाना हक देकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ दिलाया जाए। इस महती योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास के साथ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रायपुर में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवं आईआईटी मद्रास के बीच कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित दृष्टिकोण से कमी लाना है।

# जल जीवन मिशन पर मुख्य सचिव का निर्देश- पूर्ण योजनाओं का 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव विकासशील ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में मिशन मोड में कार्य करते हुए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक माह जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में मुख्य सचिव ने पूर्ण हो चुकी और हस्तांतरित योजनाओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका 31 अगस्त तक भौतिक सत्यापन कर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर नल (जल जीवन मिशन) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा है कि जिन योजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर समयबद्ध तरीके से रनिंग बिलों के भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, जिससे निर्माण कार्य बाधित नही हो। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि वीबी-जी राम जी एवं स्थानीय संसाधनों, जिला खनिज न्यास (डीएमएफ), सांसद निधि, विधायक निधि, सीएसआर एवं अन्य उपलब्ध स्रोतों से आवश्यक वित्तीय व्यवस्था कर योजनाओं को पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक जिले को जलस्रोतों का आकलन कर नए स्रोतों की पहचान करने, जलस्रोत संरक्षण एवं रिचार्ज व्यवस्था विकसित करने तथा प्रत्येक स्रोत के संरक्षण की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए है।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान बोले- राहुल और विपक्ष के लिए सामाजिक न्याय मात्र शब्द, भाजपा के लिए प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने कहा है, ऐसी शक्तियां हैं जो भारत विरोधी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। समाज में जाति, भेदभाव के नाम से राजनीति करती हैं, लेकिन भाजपा की प्रतिबद्धता है समाज में एकता सामाजिक समानता, सामाजिक न्याय और समावेशिता। राहुल गांधी और विपक्ष के जितने नेता हैं, उनके लिए सामाजिक न्याय मात्र शब्द ही है, जबकि हमारे लिए प्रतिबद्धता है। इसी प्रतिबद्धता के निमित्त हमारी पार्टी देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। संत गुरु रविदास की 650वीं जन्म जयंती से पूरे देश में यात्रा होगी, पूरे देश में संपर्क होगा और गुरु रविदास के जीवन से जुड़े दर्शन



उनके विचारों को हम पूरे देश में लेकर जाने वाले हैं। श्री पासवान ने कहा, सरल बातों में महत्वपूर्ण बातें कैसे कही जाती है, यह हमें गुरु रविदास महाराज बताते हैं। मीरा बाई उनकी शिष्या रही, रामानंद के वे शिष्य रहे, कबीर, रविदास, गुरु नानक हमारे इतिहास के प्रहरी हैं। आज हमें उनसे सीखने की आवश्यकता है। हमारा विचार परिवार है, हमारा दर्शन है, हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद है, हमारा सिविलाइजेशन है और उस सिविलाइजेशन कॉन्शसनेस के माध्यम से भाजपा ने बड़ा ही पावन पवित्र काम हाथ में लिया है। श्री पासवान ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे देश में कलश यात्रा निकलेगी, छात्रावास में हम संपर्क करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर से जुड़े सभी स्थानों को तीर्थ का दर्जा दिया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जो टीम है, वह प्रदेश की सभी 36 संगठन जिलों में जाएगी, संपर्क करेगी और समाज में एकता, संवेदनशीलतख व समावेशिता का एक संकल्प लेने का काम भी करेगी। आज पूरे देश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हो जाती हैं, ऐसे में एक सक्रिय नागरिक होने के नाते सामाजिक समरसता हम सबका दायित्व है और विशेष रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं का। पिछले 11 -12 वर्षों में हमने देखा है, सामाजिक न्याय हो समानता हो, पहली बार संविधान के सर्वोच्च स्थान पर आदिवासी की बेटी बैठी है। भाजपा में दलित समाज का मुख्यमंत्री बनता है छत्तीसगढ़ व ओड़िशा में आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री बनता है यह एक कमिटमेंट का विषय है प्रतिबद्धता का विषय है वैचारिक मजबूती का विषय है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रांसफार्मर से वायर चोरी

**महासमुंद।** नगर के कुम्हारपारा के गौराचौरा चौक स्थित ट्रांसफार्मर से वाइडिंग वायर चोरी के मामले में कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 22 जुलाई की आधी रात अज्ञात व्यक्तियों ने कुम्हार पारा गौरा गौरी चौक के पहले लगे ट्रांसफार्मर से वाइडिंग वायर कीमत करीब 25 हजार रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब बिक्री कर रहे अधेड़ पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम मुनगाडीह बड़े साजापाली से मुनगाडीह जाने वाले रोड किनारे शराब की बिक्री करने वाले एक अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीबन 04 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

**आयोजन:** पिथौरा, बसना और सरायपाली के दिव्यांगजन लाभान्वित

# 44 दिव्यांगजनों को 85 निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

जिले में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन गुरुवार को स्थानीय मंगल भवन बसना में किया गया। यह कार्यक्रम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड (एआईसी) द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), रायपुर के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक संपत अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर सरायपाली विधायक चातुरी



डिग्रीलाल नंद, जनपद पंचायत बसना की अध्यक्ष डिलेश्वरी निराला तथा नगर पंचायत बसना की अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर उनके बेहतर जीवन एवं आत्मनिर्भरता की कामना की गई।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विकासखंड पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के पूर्व चिन्हांकित दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिसमें विकासखंड पिथौरा के 7, बसना के 18 तथा सरायपाली के 19 सहित कुल 44 दिव्यांगजनों को 85 सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए गए। इनमें 21 बैटरी चालित ट्रायसाइकिल, 8 व्हीलचेयर, 6 श्रवण यंत्र, 12 ट्रायसाइकिल, 2 वॉकिंग स्टिक, 2 सुगम्य केन, 2 टीएलएम किट तथा 2 रोलेटर (बैसाखी) शामिल हैं। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना स्वप्निल ध्रुव, एलिम्को रायपुर के प्रबंधक बंशीलाल साकेत, कनिष्ठ प्रबंधक धर्मेंद्र यादव, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल मैनेजर राजेश बाघमारे, प्रशासनिक प्रबंधक विनीत भाटी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# तिलक, चंद्रशेखर आज़ाद और बिसाहूदास महंत को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गुरुवार 23 जुलाई 2026 को बागबाहरा विधायक कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महान विभूतियों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने लोकमान्य तिलक, चंद्रशेखर आज़ाद और स्व. बिसाहूदास महंत के राष्ट्रनिर्माण, स्वतंत्रता संग्राम और जनसेवा में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों और जननायकों का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों और संविधान की मूल भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।



कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लखबीर छाबड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, फिरोज मेमन, शमीम खान, पोखराज साहू, पुष्पेंद्र चंद्राकर, नवनीत सलूजा, विजय कुमार, शैलेश साहू, महेश नरेडिया, एडिशन ठाकुर, विजय बंजारे, मोहन बांधे, सोहन साहू, राजू चंद्राकर, खोमेश साहू, अंजोर सिंग ठाकुर, मंता यादव, ताम्रध्वज बघेल, लोकेश उइके, मिथुन अमीर, रमेश ठाकुर, आदित्य बोकडे, हरीश चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, उत्तम राणा, डोमन साहू, देवेंद्र बैरागी, आयुष पांडे, योगेश्वर देवांगन आदि उपस्थित रहे।

# जिले के स्कूलों में शिक्षकों की गंभीर कमी, छात्रों का भविष्य संकट में: सृष्टि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

जिले में शिक्षा व्यवस्था लगातार गहरे संकट से गुजर रही है। जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने इस गंभीर मुद्दे को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे शिक्षकों के स्थानांतरण के बाद उनकी जगह पर वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे स्कूलों में शिक्षण कार्य लगभग ठप हो गया है। चंद्राकर ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व युक्तियुक्तकरण के नाम पर जिले के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई थी। लेकिन, वर्तमान में स्थिति इसके ठीक विपरीत है। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के पांच शिक्षकों का एक साथ प्रशासनिक स्थानांतरण कर दिया गया, लेकिन आज तक उनके स्थान पर एक भी नए शिक्षक की नियुक्ति नहीं हुई है। परिणामस्वरूप इस विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। यह समस्या केवल भोरिंग तक सीमित नहीं है। विकासखंड सहित पूरे जिले में लगातार शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा रहा है, परंतु रिक्त पदों को भरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जिले में आज अनेक स्कूल ऐसे हैं जो मात्र एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। उन स्कूलों में 50 से 60 या उससे अधिक बच्चे एक ही शिक्षक से पढ़ने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना संभव नहीं है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं है बल्कि प्रदेश के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।



# पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को धमकी देना भूपेश की भाषायी दरिद्रता और हताशा का प्रतीक : अलका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद/बागबाहरा**

इस्पात मंत्रालय (भारत शासन) की स्वतंत्र

- **इस्पात मंत्रालय की स्वतंत्र निदेशक और पंचायत प्रकोष्ठ की प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री के कथन पर साधा निशाना, कानून के रक्षकों को आंखें दिखाना और फिर मिलेंगे जैसी धमकियां देना सरासर अराजकता**

निदेशक और भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ की प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर पुलिस अधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के खिलाफ लिखे गए आपत्तिजनक और धमकी भरे कथन पर तीखा हमला बोला है। चंद्राकर ने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद बघेल अपनी मानसिक स्थिति और भाषायी मर्यादा पूरी तरह खो चुके हैं।

अलका ने कहा कि एक पूर्व मुख्यमंत्री का यह कहना कि 'पुलिस अधिकारी ध्यान रखें, भाजपा कुछ ही महीनों की मेहमान है... फिर मिलेंगे', कोई लोकतांत्रिक भाषा नहीं, बल्कि खुलेआम डराकर धौंस जमाने की नाकाम कोशिश है। बघेल को यह समझ लेना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में अब कोई 'सिंडिकेट' या 'कमिश्नर' राज नहीं चल रहा है, बल्कि कानून और सुशासन का राज है। उन्होंने कहा कि अपनी विफलता और कार्यकर्ताओं की अराजकता को छिपाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल राज्य के निष्पक्ष पुलिस प्रशासन पर अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। दिन-रात जनता की सुरक्षा में तैनात रहने वाले वर्दीधारियों को 'धमकी' देना बघेल की अलोकतांत्रिक सोच और भाषायी दरिद्रता को उजागर करता है। कांग्रेस के शासनकाल में जिस प्रकार कानून-व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ाई गईं, उस मानसिकता से कांग्रेस आज भी बाहर नहीं निकल पाई है।



भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ की प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि जब भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अराजकता फैलाए जाने पर पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करती है, तो भूपेश बघेल कानून के रक्षकों को ही कठघरे में खड़ा करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि धमकी देने के बजाय बघेल अपनी हार का आत्मचिंतन करें। जनता ने उन्हें उनके कारनामों और भ्रष्टाचार के कारण नकार कर विपक्ष में बैठाया है। अब धमकियों और खोखली बयानबाजी से छत्तीसगढ़ की शांतिप्रिय जनता या हमारी निष्पक्ष पुलिस व्यवस्था डरने वाली नहीं है। अलका ने साफ शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसी भी उपद्रवी, चाहे वह किसी भी दल से जुड़ा हो, नहीं बख्शेगी। पुलिस बल पूरी निष्पक्षता से अपना काम कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री को अपनी मर्यादा याद रखनी चाहिए और संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने से बाज आना चाहिए।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षकों को प्रेरक पुस्तिकाओं का वितरण

**महासमुंद।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय मिडिल स्कूल बेलसोंडा, शासकीय हाई स्कूल बेलसोंडा, शासकीय मिडिल स्कूल बिरकोनी एवं शासकीय हाईस्कूल बिरकोनी के शिक्षकों को 'हारिए ना हिम्मत' एवं 'शिक्षक अपना दायित्व समझे', शीर्षक प्रेरणादायी पॉकेट पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। साथ ही शिक्षकों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहभागिता के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल बिरकोनी में सेवानिवृत्त शिक्षक गजानंद चंद्राकर ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक संख्या में सहभागी बनाने के उद्देश्य से परीक्षा शुल्क की आधी राशि स्वयं वहन करने की घोषणा की। उनके इस प्रेरणादायी सहयोग की सभी ने सराहना की। विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित कराने का आश्वासन देते हुए इस अभियान में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के ललित मेश्राम, बोधराम साहू, हीरालाल साहू, जगमोहन साहू, गजानंद चंद्राकर एवं अन्य गायत्री परिजनों का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं नैतिक मूल्यों के विकास के लिए इस प्रकार के जनजागरण अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# शिक्षा से लेकर विज्ञान तक वैचारिक कब्जे की साजिश, लोकतंत्र खतरे में : उग्रसेन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना**

हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष

- **विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर बोला हमला**

उग्रसेन साखरे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में निजीकरण के साथ-साथ शिक्षा, वैज्ञानिक संस्थानों और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का वैचारिक भगवाकरण किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि यह केवल सरकारी नीतियों का बदलाव नहीं, बल्कि देश की सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक संरचना को प्रभावित करने की एक सुनियोजित प्रक्रिया है।



जारी बयान में साखरे ने कहा कि निजीकरण, उदारीकरण और भूमंडलीकरण से भी अधिक गंभीर खतरा देश के शैक्षणिक संस्थानों, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों, सेना, अर्द्धसैनिक बलों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के वैचारिक हस्तक्षेप से उत्पन्न हो रहा है। उनका आरोप है कि सरकार सार्वजनिक उपक्रमों के बाद विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में भी निजी क्षेत्र की भूमिका बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियों से बड़े उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट घरानों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जबकि आम नागरिकों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार कमजोर किए जा रहे हैं। साखरे ने आरोप लगाया कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर भी असर पड़ रहा है। साखरे ने कहा कि संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए देशवासियों को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि जनता को अपने अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

### भाजपा सरकार की लाठियां छात्रों का हौसला नहीं तोड़ सकतीं, तानाशाही का हर वार जनता के आक्रोश को और तेज करेगाः रश्मि



**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई कथित बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे लोकतंत्र, संविधान और युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। अपनी जायज़ मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठी बरसाना, उन्हें घसीटना, हिरासत में लेना और उनकी आवाज़ को बलपूर्वक दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। डॉ. रश्मि ने कहा कि जिस देश का युवा अपने अधिकार, शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा हो, वहां सरकार का दायित्व उनकी बात सुनना और समाधान निकालना होता है। लेकिन भाजपा सरकार संवाद की जगह दमन, संवेदनशीलता की जगह बर्बरता और लोकतंत्र की जगह तानाशाही का रास्ता चुन रही है। यह अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पहचान अब विकास नहीं, बल्कि लाठी, दमन और लोकतांत्रिक आवाज़ों को कुचलने वाली सरकार के रूप में बन चुकी है।

# कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के लिए सीड बॉल वितरण कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं प्राकृतिक वनस्पतियों के पुनर्स्थापन के उद्देश्य से सीड बॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मार्गदर्शन वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं वनस्पति शास्त्र विशेषज्ञ डॉ. ईपी चेलक द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विशेषज्ञ डॉ. चेलक ने सीड बॉल की वैज्ञानिक उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सीड बॉल तकनीक प्राकृतिक रूप से पौधों के पुनर्जनन एवं हरित आवरण के विस्तार की एक सरल, कम लागत वाली तथा पर्यावरण-अनुकूल विधि है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में वनों की कमी, जैव विविधता का ह्रास, भूमि क्षरण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच स्थानीय एवं देशज प्रजातियों के संरक्षण तथा उनके प्राकृतिक प्रसार को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा वैज्ञानिक विधि से तैयार की गई सीड बॉल्स का छात्र-छात्राओं के मध्य वितरण किया गया। इन सीड बॉल्स में क्षेत्र की जलवायु एवं स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल विभिन्न उपयोगी एवं देशज वृक्ष तथा फलदार पौधों की प्रजातियों के बीजों का उपयोग किया गया। इनमें नीम, करंज, जामुन, सीताफल, इमली, अमरूद, बहेड़ा, अर्जुन, तेंदू आदि प्रमुख प्रजातियां शामिल हैं। डॉ. चेलक ने बताया कि सीड बॉल तैयार करने के लिए सामान्यतः उपजाऊ मिट्टी, चिकनी मिट्टी तथा कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग किया जाता है। इन सामग्रियों को उचित अनुपात में मिलाकर चयनित पौधों के बीजों को इसमें रखा जाता है और छोटे-छोटे गोल आकार की गेंदें बनाई जाती हैं।



इन्हें छाया में सुखाने के बाद वर्षा ऋतु में उपयुक्त स्थानों पर रखा या हल्के रूप से मिट्टी में दबाया जाता है। वर्षा का जल सीड बॉल की बाहरी परत को नम करता है, जिससे अनुकूल परिस्थितियों में बीज अंकुरित होकर पौधे के रूप में विकसित होने लगते हैं।

उन्होंने बताया कि मानसून अथवा वर्षा ऋतु सीड बॉल के रोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है। विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया कि वे इन सीड बॉल्स को अपने-अपने गांवों, खेतों की मेड़, सड़क किनारे, खाली भूमि, बंजर क्षेत्रों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर वितरित एवं रोपित करें। इससे प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता एवं हरित आवरण के संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें अपने आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय पर्यावरणीय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। वनस्पति शास्त्र विभाग की यह पहल बीज से पौधा, पौधे से वन और वन से समृद्ध जैव विविधता की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संदेश था कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक बीज को पौधे में बदलने की जिम्मेदारी ले, तो सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, दिलीप कुमार बढ़ाई विभागाध्यक्ष भूगोल, अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन, प्रो. प्रदीप कन्हैर सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, प्रियंका सोनवानी सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सहित विज्ञान संकाय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### कराते चैंपियनशिप में तुषार ने जीता स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** भारत के प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी गुड शेफर्ड स्कूल के छात्र तुषार डड़सेना ने भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश, राज्य एवं अपने विद्यालय परिवार का नाम गौरवान्वित किया।

### शहर में आज निकलेगी बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा का बाहुड़ा यात्रा 25 जुलाई शनिवार को छग करण महांती समाज द्वारा निकाली जाएगी। बाहुड़ा यात्रा शाम 5 बजे जगन्नाथ भवन (सुभाष नगर) से निकलकर मेघ बसंत कॉलोनी से स्टेशन रोड से पुराना गंज पारा मेन रोड से नेहरू चौक व गांधी चौक होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर में से समाप्त होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष संजय महांती ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### मां शीतला मंदिर में माता पहुंचनी 27 को

**महासमुंद।** नगर के श्रद्धा और आस्था के केंद्र मां शीतला मंदिर में इस वर्ष माता पहुंचनी का आयोजन सोमवार 27 जुलाई को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मां महामाया मंदिर समिति के सदस्य पार्षद भाऊराम साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता पहुंचनी पूरे विधि-विधान और धार्मिक उत्साह के साथ होगी। इस मौके पर नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मां शीतला की पूजा-अर्चना करेंगे और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा आरोग्य की कामना करेंगे।

### गीतांशु का प्रयास, पूर्वी का एकलव्य में चयन







**कोमाखान।** कर्मा पब्लिक स्कूल कोमाखान के छात्र गीतांशु साहू (कसेकेरा) का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। इसी तरह ग्राम भुरकोनी कर्मा पब्लिक स्कूल की छात्रा पूर्वी दीवान का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। इन दोनों के चयन पर कर्मा पब्लिक स्कूल के एमडी मोहन साहू तथा प्राचार्य जान्हवी साहू समेत शिक्षक व शिक्षिकाओं समेत स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवरी की मृतका रूखमणि निषाद के पिता प्रेमलाल निषाद के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### निधन

#### आनंदराम चक्रधारी



**नर्रा।** ग्राम परसुली निवासी आनंदराम चक्रधारी (47) पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष परसुली का आकस्मिक निधन 24 जुलाई शुक्रवार को हो गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे पूर्व सरपंच मोतिन चक्रधारी के पति व अवध, दीपक के पिता एवं कपूरचंद चक्रधारी वर्तमान उपसरपंच ग्राम पंचायत परसुली के छोटे भाई थे।

**प्रदर्शन : बागबाहरा में कांग्रेस का आंदोलन, केंद्र सरकार का पुतला दहन**

# आवाज उठाने वालों पर लाठी और हिरासत लोकतंत्र पर हमला: द्वारिकाधीश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- कांग्रेसियों ने की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी



देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों, नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस लाठीचार्ज तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में गुरुवार को बागबाहरा में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में अशोक होटल के समीप कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है। भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर रहा है, लेकिन सरकार दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से बच रही है।

इस मौके पर खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर असुरक्षा और निराशा के दौर से गुजर रहा है। लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं उनकी मेहनत, समय और सपनों को एक झटके में खत्म कर देती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और अब निष्पक्ष परीक्षाएं कराने में भी असफल साबित हो रही है। जब छात्र अपने भविष्य की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो उन्हें लाठियों से जवाब दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को हिरासत में लेकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह सवालों से डरती है और लोकतांत्रिक विरोध को दबाना चाहती है। कांग्रेस युवाओं की लड़ाई को हर मंच पर मजबूती से उठाती रहेगी। विधायक यादव ने कहा कि पेपर लीक केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के युवाओं के सपनों और उनके भविष्य के साथ किया गया विश्वासघात है। कांग्रेस मांग करती है कि पेपर लीक के सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए, छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की जवाबदेही तय की जाए तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक आधार पर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दें। यदि केंद्र सरकार युवाओं की आवाज को अनसुना करती रही, तो कांग्रेस का आंदोलन और अधिक व्यापक रूप से पूरे प्रदेश और देश में जारी रहेगा।

इस दौरान कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा, देवेश साहू, फिरोज मेमन, भूपेंद्र ठाकुर, समीम खान, विजय बंजारे, ताम्रध्वज बघेल, फूलसिंह ध्रुव, पोखराज साहू, नवनीत सलूजा, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोहन बांधे, हितेश खरे, रमेश, मन्ता यादव, लोकेश उइके, आदी बोकड़े, उत्तम राणा, राजू चंद्राकर, खोमेश साहू, डोमन साहू, शैलेश साहू, हासिम, एडिसन ठाकुर, देवेंद्र बैरागी, आयुष पांडे, भोगेश्वर देवांगन, हरीश चंद्राकर, लक्ष्मी ध्रुव, महेश, शिवा जगत, चुम्मन तांडी, मोनू शर्मा, शैलेष साहू, योगेश बघेल, मनीष चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महासमुंद द्वारा कॉलेज चौक मचेवा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं एवं सांसदों के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महासमुंद की अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर ने किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई को लोकतंत्र विरोधी एवं दमनकारी बताया। वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें, परीक्षा में हुई अनियमितताओं एवं व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में चर्चा कराई जाए तथा नई दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों एवं प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर और अन्य आपराधिक प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं। अन्नू चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा जनहित और युवाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करती रहेगी। प्रदर्शन में अमर चंद्राकर, लीलू साहू, सचिन गायकवाड़, आशीष साहू, गेमन साहू, महेंद्र साहू, रामजी साहू, जीवन मानिकपुरी, सरजू ध्रुव, जितेंद्र टंडन, धनीराम साहू, संतोष निषाद, ओमप्रकाश साहू, हितेश साहू, शत्रुघ्न साहू, किशन देवांगन, राजू सिन्हा, राजू यादव, गौरव चंद्राकर, राजेश कुर्रे, रामदयाल ओगर, मनीराम बंजारे, महेश साहू, संदीप चंद्राकर, निलेश साहू, कोमल वैष्णव, सोहन साहू, संतराम साहू, गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं छात्र मौजूद रहे।

## अध्यक्ष की पहल पर वुमैन फॉर ट्री की महिलाओं को मिला मानदेय, महिलाओं ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल एवं विशेष प्रयासों से वुमैन फॉर ट्री अभियान से जुड़ी महिलाओं का लंबित चार माह का मानदेय भुगतान कर दिया गया। भुगतान होने के बाद अभियान से जुड़ी महिलाएं नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं और अध्यक्ष से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित मानदेय का भुगतान होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनकी पहल से यह कार्य शीघ्र संभव हो सका।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका परिषद महिलाओं के सम्मान, उनके श्रम के उचित मूल्य तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों के प्रति सदैव संवेदनशील है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी कर्मचारियों एवं स्व-सहायता समूहों सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़े हितग्राहियों के भुगतान एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नगर पालिका द्वारा किए जा रहे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।




## किसानों को परेशान कर खेती छोड़ने पर मजबूर करने की साजिश रच रही भाजपा सरकार

### एग्रीस्टेक पोर्टल में एक खाते के सभी सदस्यों का पंजीयन की अनिवार्यता अव्यावहारिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के नए नियम को किसानों को परेशान कर उन्हें धान बेचने से वंचित करने की षडयंत्र का एक अभिन्न हिस्सा बताया है।

चंद्राकर ने कहा कि सरकार द्वारा फार्मर आईडी को कृषि योजनाओं और धान उपार्जन के लिए अनिवार्य करने का फैसला किसानों के साथ किया गया एक सुनियोजित विश्वासघात है। यह कोई सुधार नहीं है, यह एक साजिश है। इस सरकार का मकसद खेती को आसान बनाना नहीं, बल्कि किसान को खेती और मंडी दोनों से बाहर करना है। यह आदेश सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ के अन्नदाता को अपमानित करने, परेशान करने और बर्बाद करने के लिए लाया गया है। इस तुगलकी फरमान के बाद अब एक ही परिवार में यदि जमीन संयुक्त नाम से है तो हर एक खाताधारक को अलग-अलग फार्मर आईडी बनवानी पड़ेगी। इसके लिए पूरे परिवार को बार-बार चॉइस सेंटरों और सीएससी केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। जिसके पास दो पहिया तक नहीं है, वह गांव से ब्लॉक और जिला तक दौड़ लगाएगा। एक फार्म के लिए कई बार लाइन में लगना पड़ेगा, दस्तावेज जमा करने पड़ेंगे, सर्वर डाउन का बहाना सुनना पड़ेगा। इस पूरी प्रक्रिया में समय की बर्बादी होगी और जेब से राशि की बर्बादी होगी। सरकार ने सुविधा के नाम पर किसानों के सिर पर एक नया खर्च और नया झंझट थोप दिया है।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि सबसे निर्मम प्रहार बुजुर्ग किसानों पर हुआ है। 60, 70 साल की उम्र में जिनके हाथ कांपते हैं, आंखें कमजोर हैं, जिनके अंगूठे घिस गए हैं, उनसे मशीन में अंगूठा मिलान की जिद की जा रही है। जब मशीन में अंगूठा नहीं लगेगा तो ई केवाईसी नहीं होगी, जब ई केवाईसी नहीं होगी तो फार्मर आईडी नहीं बनेगी और जब आईडी नहीं बनेगी तो वह अपना हक का धान भी नहीं बेच पाएगा।

## सुपर 40 संस्था के छात्रों ने प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रथम चयन सूची में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट परिणामों के लिए पहचानी जाने वाली विकासखंड बागबाहरा की प्रतिष्ठित निःशुल्क कोचिंग संस्था 'सुपर 40' के प्रतिभावान छात्रों ने प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर अपने क्षेत्र, शिक्षकों और अभिभावकों का मान बढ़ाया है।

प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए चयनित होने वाले छात्रों में अश्लेषा चक्रधारी, गितांशु साहू, लिनिमा साहू, रानी चंद्राकर, पूर्वी साहू, डिंपल मिर्धा, अक्षत निराला, मन्नू दीवान, नमन ध्रुव, टिंकी साहू, अर्चना गायकवाड़, गीतांशु साहू, अभिनव चंद अवधिया, चंद्रशेखर, शिवानी साहू, चांद चौहान, जिज्ञासा बरिहा, प्रियांश शर्मा, हर्षा दीवान, योगिता भोई, प्राची साहू, नेहा निराला, पूर्वी दीवान, द्रोणाचार्य चकधारी, हिमांशी भतपहरी, दिव्या बरिहा, रागिनी देव दीवान, राशि टंडन, रागिनी ठाकुर, आर्यन चंद्राकर, रिया कश्यप, सोमांश बघेल, झरना ध्रुव, दीक्षा पटेल, कविराज मांझी आदि शामिल है।

इसके अलावा इसी सत्र में नवोदय विद्यालय के लिए 09, एकलव्य विद्यालय के लिए 10, राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए 10, सैनिक विद्यालय के लिए 01 छात्राओं का चयन हुआ है।



**प्रमुख अधिकारियों और शिक्षकों ने जताया हर्ष :** छात्रों की इस उपलब्धि पर जिले एवं विकासखंड के प्रशासनिक अधिकारियों तथा संस्था के संरक्षकों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही विनय कुमार लंगेह (कलेक्टर), बीएल देवांगन (जिला शिक्षा अधिकारी), रेखराज शर्मा (डीएमसी समग्र शिक्षा), डीएन दीवान (विकासखंड शिक्षा अधिकारी), रामता मन्नाडे (एबीईओ), भूपेश्वरी साहू (विकासखंड स्त्रोत समन्वयक) एवं प्राचार्य सुषमा बड़ा समेत सुपर 40 के संयोजक हीरासिंग नायक, अनिल चक्रधारी, केदार नाथ साहू, कुलदीप साहू, धनेश्वर साहू, सुभाष चंद्राकर, धीरज तिवारी, योगेंद्र चंद्राकर, छोटूराम निषाद, रश्मि शर्मा, गीता साहू, जगदेव साहू, अश्वनी दीवान, राजेंद्र साहू, महादेव देवांगन, लोकनाथ रैदास, परस ठाकुर, आत्माराम दीवान, दौलत दीवान और मनोज पटनायक ने हर्ष जताया है।

## मानवीय संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करें : कलेक्टर लंगेह

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा है कि चिकित्सक मानवीय संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करें एवं सकारात्मक व्यवहार करें। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। जिसमें बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (टीबी), राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्ष 2026 तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त विकासखंड एवं टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्राप्त किया जाए। इसके लिए संभावित मरीजों की समय पर पहचान, जांच, उपचार तथा उपचार पूर्ण होने तक सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए संचालित निक्षय पोषण योजना सहित अन्य सुविधाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में टीबी उन्मूलन को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए, जिससे नए मरीजों की शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित हो सके। बैठक में बताया गया कि अभी तक 305 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त हो गई है। वर्तमान में जांच के दौरान टीबी 754 मरीज उपचाररत हैं।

## दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर एवं सुगम जीवन उपलब्ध कराने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन बागबाहरा रोड महासमुंद में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकासखंड महासमुंद एवं बागबाहरा के चिन्हांकित दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह कार्यक्रम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में संचालित कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। इससे पूर्व प्रथम चरण में जिले में मूल्यांकन एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित कर पात्र दिव्यांगजनों का चयन किया गया था।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत महासमुंद की अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान एवं उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान कर उनके बेहतर जीवन एवं आत्मनिर्भरता की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने उपस्थित सभी दिव्यांगजनों एवं प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

शिविर में विकासखंड महासमुंद के 67 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, वॉकिंग स्टिक, सुगम्य केन तथा टीएलएम किट सहित विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। वहीं विकासखंड बागबाहरा के 21 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, वॉकिंग स्टिक, स्मार्टफोन एवं टीएलएम किट प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल 88 दिव्यांगजनों को 135 सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एलिम्को जबलपुर के प्रबंधक बंशीलाल साकेत, कनिष्ठ प्रबंधक धर्मेंद्र यादव, एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के रीजनल मैनेजर राजेश बाघमारे, प्रशासनिक प्रबंधक विनीत भाटी सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

